सिंजेंटा फाउंडेशन इंडिया एवं नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविदयालय,जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में 6 दिवसीय देसी मुर्गी पालन प्रशिक्षण (सातवां बैच) का शुभारंभ

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में माननीय कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर के अधिष्ठाता डॉ राजेश कुमार शर्मा एवं संचालक विस्तार सेवाए डॉ सुनील नायक के नेतृत्व में साथ ही सिंजेंटा फाउंडेशन इंडिया के सयुक्त तत्वाधान में नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में छह दिवसीय देसी मुर्गी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम के सातवे बैच का शुभारंभ 23 मार्च 2026 से किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 'सिंजेंटा फाउंडेशन इंडिया' के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मोहन सिंह ठाकुर, प्रमुख अन्वेषक, भारतीय समन्वित मुर्गीपालन परियोजना, सहायक प्राध्यापक डॉ. गिरिराज गोयल, डॉ. लक्ष्मी चौहान एवं डॉ. अनिल शिंदे' द्वारा प्रतिभागियों को मुर्गी पालन की वैज्ञानिक एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम में 'सिंजेंटा फाउंडेशन इंडिया' की ओर से 'प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सुरजीत सिंह, पोल्ट्री विशेषज्ञ एवं ऑफिसर यासिर राथर, प्रोजेक्ट ऑफिसर अशफाक खान एवं प्रोजेक्ट ऑफिसर अनुज ब्राह्मण' सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इस 6 दिवसीय प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों एवं ग्रामीण युवाओं को देसी विकसित नस्ल की मुर्गियाँ जैसे 'नर्मदा निधि एवं सोनाली' के वैज्ञानिक पालन, ब्रूडिंग मैनेजमेंट, आहार प्रबंधन, रोग नियंत्रण, टीकाकरण एवं विपणन से संबंधित प्रशिक्षण देना है।

प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत प्रतिभागी किसानों को स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने हेतु सिंजेंटा की और से अनुदान के रूप में आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें फीडर एवं ब्रूडर लाइट आदि शामिल हैं।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण ग्रामीण क्षेत्रों में आयवर्धन, आत्मनिर्भरता एवं सतत आजीविका को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पशुचिकित्सा विश्वविद्यालय एवं सिंजेंटा फाउंडेशन इंडिया का यह संयुक्त प्रयास किसानों के लिए निश्चित ही लाभकारी सिद्ध होगा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर